तापमान
अधिकतम 24.6°C
न्यूनतम 16.8°C

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026



करवाचौथ
चांद का दीदार कर सुहागिनों ने खोला व्रत
खबर पेज 10 पर पढ़े

SHUBHAM JEWELLERS
"यहाँ नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा"
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
27th ANNIVERSARY CELEBRATION
RAILWAY ROAD, ROHTAK
M. 9812511111, 8607900020



Bhav Booking Open Now

Only 5% MAKING CHARGES
22K HALLMARK

थोड़ी एक्स्ट्रा खुशी बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के

100% Halmark Jewellery

27 साल के भरोसे के साथ अपने उत्सव को सजाएं शुभम ज्वेलर्स के साथ



**शहर में आज**
- बीजेपी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस 12 बजे
- रोडवेज कर्मचारियों की मीटिंग सुबह 9 बजे
- एमडीयू में इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच सुबह 9 बजे

छोटू राम नगर की गली नंबर-1 में लोहे का गेट लगाकर रास्ता रोका

## 400 परिवारों की राह में ताला, स्कूल बस से एंबुलेंस तक की एंट्री भी बंद

- रजिस्ट्री में 20 फीट चौड़ी सार्वजनिक गली होने का दावा
- जमीन के पुराने मालिकों और प्रॉपर्टी डीलरों ने बताया निजी प्लॉट, नोटिस चस्पाया
- प्रशासन को अल्टीमेटम, समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे कॉलोनीवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

किसी गली में लगा लोहे का गेट और उस पर लटका ताला सैकड़ों परिवारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सुखपुरा चौक से जींद बाइपास रोड स्थित छोटू राम नगर की गली नंबर-1 में रास्ता बंद किए जाने से करीब 400 परिवार प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सार्वजनिक गली पर गेट लगाकर ताला जड़ दिया गया है, जबकि उनके मकानों की रजिस्ट्री में रास्ते की चौड़ाई 20 फीट दर्ज है। लोगों का कहना है कि रास्ता बंद होने से बच्चों के स्कूल आने-जाने से लेकर आपात स्थिति में एंबुलेंस के पहुंचने तक में दिक्कत आ रही है। कॉलोनीवासी प्रशासन से रास्ता खुलवाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि तय समय में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।





### प्रॉपर्टी डीलरों का यह दावा
सुनील शर्मा का आरोप है कि जमीन के पुराने मालिकों और कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने बची हुई गली को निजी प्लॉट बताते हुए नोटिस चस्पा कर दिया। लोहे का गेट लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया। कॉलोनीवासियों ने इस कार्रवाई को गलत बताते हुए रास्ता खुलवाने की मांग की है।

### फ्लाईओवर निर्माण से पहले ही रास्ता प्रभावित
स्थानीय निवासी सतवीर सिंह ने बताया कि जींद बाईपास फ्लाईओवर के निर्माण के कारण कॉलोनी का एक प्रमुख रास्ता पहले से बाधित है। ऐसे में दूसरे रास्ते पर ताला लगने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। उनके अनुसार, स्कूल बसों, ऑटो और एंबुलेंस को कॉलोनी के भीतर पहुंचने में दिक्कत हो रही है। बारिश के दौरान लंबे और खराब वैकल्पिक रास्तों पर ऑटो पलटने से दुर्घटनाएं होने की बात भी उन्होंने कही।

### रजिस्ट्री व सरकारी निर्माण को बताया जा रहा प्रमाण
छोटू राम नगर निवासी एडवोकेट सुनील शर्मा ने बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से कॉलोनी में रह रहे हैं। उनके अनुसार, मकानों की रजिस्ट्री में संबंधित रास्ता 20 फीट चौड़ा दर्ज है। इसके अलावा नगर निगम की ओर से यहां पक्की सड़क बनाई गई है। पेयजल की पाइपलाइन बिछाने के साथ बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर भी स्थापित किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये दस्तावेज और सरकारी सुविधाएं रास्ते के सार्वजनिक उपयोग को दर्शाती हैं।

### वर्ष 2016 से चल रहा विवाद
स्थानीय निवासी चंद्रकला के अनुसार, गली को लेकर विवाद वर्ष 2016 से चल रहा है। पहले रास्ता समय-समय पर खुलता था, लेकिन अब इसे स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। पुलिस चौकी में शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने का आरोप लगाया गया है। लोगों के मुताबिक, नगर निगम के एसडीओ और जेई मौके का निरीक्षण कर चुके हैं। वहीं, निगम आयुक्त ने दस्तावेजों की जांच के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। कॉलोनीवासियों ने कहा कि वे शांतिपूर्ण तरीके से समस्या का समाधान चाहते हैं। यदि तय समय में गेट हटाकर रास्ता बहाल नहीं किया गया तो वे व्यापक आंदोलन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### आभूषण चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार
**रोहतक।** छोटूराम नगर में मकान का ताला तोड़कर आभूषण चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव माजरा बोहर निवासी जितेंद्र पुत्र अतर सिंह और तिलक नगर निवासी सुनील पुत्र मोहन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से चोरीशुदा सामान बरामद किया गया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि छोटूराम नगर निवासी सौरभ की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

### फ्रेंड्स कॉलोनी में चोरी का आरोपी गिरफ्तार
**रोहतक।** फ्रेंड्स कॉलोनी में मकान से नकदी, आभूषण और मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में पुलिस ने गांव बलियाणा निवासी धर्मबीर पुत्र राजेराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से चोरीशुदा सामान बरामद कर लिया गया है। उसे अदालत में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता मनीष के अनुसार, फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी रोहित ने मकान से चोरी होने की शिकायत दी थी।

### दो बैंक खातों से निकले 1.01 लाख रुपये
**रोहतक।** वाहन का ई-चालान भरने के नाम पर भेजे गए फर्जी लिंक के जरिए गांव बनियानी निवासी एक व्यक्ति के दो बैंक खातों से 1.01 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित के मोबाइल पर ई-चालान के नाम से मैसेज भेजा गया था। लिंक खोलने के बाद उसका मोबाइल और बैंकिंग ऐप काम करना बंद हो गए। बाद में खाते से रकम निकलने का पता चला। गांव बनियानी निवासी सुदर्शन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका मोबाइल नंबर भारतीय स्टेट बैंक के दो खातों में भी दर्ज है।

नशे में वाहन चलाने से हादसों पर अंकुश लगाने की कवायद

## अब पांच टीमें रोकेंगी रात 12 बजे के बाद शराब की बिक्री

- जाट भवन के पास दो महिलाओं को कार कुचलने के बाद विभाग सख्त, नियमों की अनदेखी करने वालों पर होगी कार्रवाई
- चार साल में अवैध शराब बिक्री के 1300 से अधिक मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रात में शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाले हादसों पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी एवं काराधान विभाग शराब ठेकों पर सख्ती बढ़ाएगा। गत रविवार सुबह जाट भवन के नजदीक सैर कर रही दो महिलाओं को शराब पीकर गाड़ी चला रहे एक व्यक्ति ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। इसके बाद शराब की बिक्री के निर्धारित समय का पालन सुनिश्चित करना भी अहम है। उपायुक्त आबकारी एवं काराधान संगीता डबास ने बैठक में निरीक्षकों को निर्देश दिए कि रात 12 बजे के बाद किसी भी सूरत में शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। इसके लिए जिले में पांच टीमों का गठन किया गया है। जो ठेकों की निगरानी करेंगी और नियम तोड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। जिले में गठित पांच टीमें रात के समय शराब बिक्री पर निगरानी रखेंगी। इनका उद्देश्य निर्धारित समय के बाद बिक्री रोकना और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना है। विभाग के निरीक्षक अपने निर्धारित क्षेत्रों में ठेकों की जांच करेंगे।




हरिभूमि इम्पैक्ट


जानलेवा हो रही ठेकों की 24 घंटे रौनक
नशे में ड्राइविंग की घटनाएं बढ़ा रहीं चिंता

हरिभूमि में 27 अक्टूबर को प्रकाशित खबर

### रोस्टर के अनुसार होगी ठेकों की जांच
संगीता डबास ने निरीक्षकों को निर्देश दिए कि शराब ठेकों की नियमित जांच तय रोस्टर के मुताबिक की जाए। रात 12 बजे के बाद बिक्री होते मिलने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जांच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतने और लाइसेंस की शर्तों का पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

### चार साल में 1300 से ज्यादा केस
जिले में पिछले चार साल के दौरान अवैध शराब की बिक्री से जुड़े 1300 से अधिक मामले दर्ज किए गए। इस अवधि में करीब 1500 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आंकड़े बताते हैं कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जरूरत है।

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई
विभाग का जोर निर्धारित समय के बाद शराब बिक्री रोकने के साथ अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने पर भी है। नियमित निरीक्षण और रात्रिकालीन निगरानी के जरिए नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पीजीआई में संदिग्ध मौतों के बाद प्रोपोफॉल दवा पर रोक

दवा का बेहोशी के लिए होता है इस्तेमाल, स्टॉक केंद्रीय स्टोर में जमा कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पीजीआई में सर्जरी के बाद हुई करीब आधा दर्जन संदिग्ध मौतों का रहस्य अभी बरकरार है। इन घटनाओं के बाद संदेह के घेरे में आई बेहोशी की दवा प्रोपोफॉल को लेकर अब स्वास्थ्य विभाग ने कदम उठाया है। चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग (डीएमईआर) ने मरीजों के हित में इस दवा का इस्तेमाल तत्काल प्रभाव से बंद करने और संबंधित विभागों में उपलब्ध स्टॉक केंद्रीय स्टोर में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, इसकी जगह दूसरे बैच की दवा इस्तेमाल करने को कहा गया है। हालांकि, आदेश में दवा के इस्तेमाल पर रोक लगाने की वजह स्पष्ट नहीं की गई है।

- इसकी जगह दूसरे बैच की दवा इस्तेमाल करने को कहा
- जांच कमेटी भी नहीं तलाश पाई थी वजह



### जुलाई व अगस्त में सर्जरी के बाद हुई मौतें
पीजीआई में जुलाई और अगस्त के दौरान सर्जरी के बाद मरीजों की मौत के मामले सामने आए थे। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पीजीआई प्रबंधन ने जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी की जांच में मौतों की स्पष्ट वजह सामने नहीं आ सकी थी। उस समय बेहोशी के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रोपोफॉल दवा को लेकर संदेह जताया गया था, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसे मौतों का कारण घोषित नहीं किया गया था।

### विभागों से स्टॉक वापस लेने के निर्देश
डीएमईआर की ओर से जारी निर्देशों में संबंधित दवा का इस्तेमाल रोकने और उपलब्ध स्टॉक केंद्रीय स्टोर में जमा कराने को कहा है। इसके स्थान पर दूसरे बैच की दवा इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेशों के बाद जिला औषधि नियंत्रक ने पीजीआई प्रबंधन को इनकी प्रति सौंपकर तत्काल प्रभाव से निर्देशों की पालना करने को कहा गया है। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि प्रोपोफॉल के किसी विशेष बैच में क्या समस्या मिली है। इस पर रोक लगाने का आधार क्या है। न ही उपलब्ध जानकारी के आधार पर यह कहा जा सकता है कि संदिग्ध मौतों और इस दवा के बीच कोई सीधा संबंध है।

### क्या है प्रोपोफॉल
प्रोपोफॉल एक शक्तिशाली जनरल एनेस्थेटिक दवा है, जिसका मुख्य उपयोग सर्जरी या अन्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के दौरान मरीजों को बेहोश करने (नींद लाने) और उस बेहोशी को बनाए रखने के लिए किया जाता है। यह एक सफेद, गाढ़े तरल रूप में होता है, जिसके कारण इसे चिकित्सा जगत में अनौपचारिक रूप से 'दूध का एनेस्थीसिया' भी कहा जाता है। यह दवा केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और मस्तिष्क की गतिविधियों को धीमा करके काम करती है, जिससे मरीज को दर्द का अहसास नहीं होता।

### पीजीआई प्रबंधन ने कहा आदेशों की जानकारी नहीं
इस मामले में पीजीआई का पक्ष जानने के लिए जनसंपर्क अधिकारी डॉ. उमेश यादव से संपर्क किया गया। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनकी जानकारी में इस संबंध में जारी आदेश नहीं हैं। ऐसे में दवा पर रोक को लेकर संस्थान की ओर से विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब यह देखना होगा कि आदेशों की पालना के दौरान दवा के संबंधित बैच को लेकर क्या जानकारी सामने आती है।



- बारिश होने से अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री पर आया
- अभी कल तक बिगड़ा रहेगा मौसम, अलर्ट रहें लोग और किसान

## सामान्य से 7 डिग्री नीचे गिरा पारा, गुलाबी ठंड का अहसास

**रोहतक।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से वीरवार को जिले में औसतन 5 मिलीमीटर बारिश हुई। दिनभर ठंडी हवाएं चलने से अधिकतम तापमान में एक ही दिन में 4.9 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस था, जो वीरवार को घटकर 24.6 डिग्री पर पहुंच गया। यह सामान्य से 6.9 डिग्री कम रहा। मौसम में अचानक आए बदलाव से दिन में भी ठंडक महसूस हुई। बारिश का असर खेती और अनाज मंडी में रखी फसल पर भी पड़ा। रोहतक की अनाज मंडी में खुले में रखा धान भीग गया, जबकि बेमौसमी बारिश के कारण खेतों में धान की कटाई फिलहाल रुक गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, चंडीगढ़ के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर 31 अक्टूबर तक बना रह सकता है।

### खुले में रखा धान भीगा कटाई का काम प्रभावित
बारिश से अनाज मंडी में खुले में रखे धान को नुकसान की आशंका बढ़ गई है। फसल में नमी बढ़ने से उसके रखरखाव और गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। मौसम में बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ी है। धान की कटाई पर बेमौसमी बारिश का असर पड़ा है। वीरवार को फसल की कटाई नहीं हुई। बेमौसमी बारिश के चलते खेतों में धान की कटाई फिलहाल रोकनी पड़ी है। मौसम विभाग के अनुसार 31 अक्टूबर तक पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव रहने की संभावना है। ऐसे में किसानों को मौसम की स्थिति पर नजर रखते हुए कटी फसल को सुरक्षित रखने की जरूरत है।

कागजों में गांव : कभी इन गलियों में भी बसती थी जिंदगी

## जिले के 7 गांवों में नहीं कोई त्योहार मनाने वाला

- अब सिर्फ नाम बचे, आबादी का इतिहास भी खो गया, दीपों के पर्व पर वीरानी की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

देश में 8 नवंबर को दीपावली पर घर-घर दीये जलेंगे, आंगन रोशन होंगे और खुशियां बांटी जाएंगी। मगर रोहतक जिले के सात गांव ऐसे हैं, जहां इस दीपावली कोई दीया जलाने वाला नहीं है। कुताना, मटाना, खड़म चुडगला, ताजा माजरा, साहन माजरा, जलालपुर और मांझा को बेचिराग गांव कहा जाता है। इनके नाम राजस्व रिकॉर्ड में आज भी दर्ज हैं, लेकिन आबादी नहीं बसती। कभी यहां भी घरों में चूल्हे जलते होंगे, आंगन में बच्चों की किलकारियां गूंजती होंगी और त्योहारों पर दीयों की कतारें सजती होंगी। आज उन बस्तियों की जगह वीरानी है।

*कुताना, मटाना, खड़म चुडगला, ताजा माजरा, साहन माजरा, जलालपुर और मांझा के नाम राजस्व रिकॉर्ड में तो दर्ज हैं, लेकिन आबादी का नामो निशान नहीं*



### राजस्व अभिलेखों की पड़ताल जरूरी
आज इन सात गांवों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में मौजूद हैं, लेकिन वहां रहने वाले परिवारों का सामूहिक जीवन समाप्त हो चुका है। लोग कब और किन परिस्थितियों में यहां से चले गए, इसके कारणों की पुष्टि के लिए ऐतिहासिक और राजस्व अभिलेखों की पड़ताल जरूरी है। किसी गांव का उजड़ना केवल मकानों का खाली होना नहीं है। इसके साथ परिवारों की यादें, रिश्ते, परंपराएं और पीढ़ियों से जुड़ी पहचान भी बिखर जाती है।

### कभी जगमग थे ये गांव
सैकड़ों साल पहले की कल्पना कीजिए। गांव की कच्ची गलियों में दिनभर लोगों की आवाजाही, घरों के बाहर बैठे बुजुर्ग, पशुओं की घंटियां और खेतों से लौटते किसानों की चहल-पहल रही होगी। शाम ढलते ही घरों में चूल्हे सुलगते होंगे। दीपावली आती तो घरों की चौखट पर दीये रखे जाते होंगे, बच्चे त्योहार की खुशियों में मगन होते होंगे और परिवार मिलकर पूजा करते होंगे। उस दौर की तस्वीर आज उपलब्ध तथ्यों से प्रमाणित नहीं है, लेकिन किसी आबाद बस्ती का जीवन ऐसे ही घरेलू और सामुदायिक रिश्तों से आकार लेता था।

## सुनारियां चौक पर बाइक और कार टकराई, युवक की मौत

**रोहतक।** रात के सन्नाटे में सुनारियां चौक पर हुए सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। बाइक और कार के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार 28 वर्षीय अमन की मौत हो गई। हादसा देर रात करीब 2:30 बजे हुआ। अमन सुनारिया गांव का निवासी था और एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। जवान बेटे की मौत की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस उम्र में अमन अपने भविष्य और परिवार के सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत कर रहा था, उसी उम्र में हादसे ने उसकी जिंदगी छीन ली। सुनारियां चौक पर बाइक और कार के बीच टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार अमन गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। घटना देर रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और टक्कर के समय दोनों वाहन किस दिशा से आ रहे थे, इसकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। मृतक अमन की उम्र महज 28 वर्ष थी। वह एक निजी कंपनी में काम करके अपने जीवन को आगे बढ़ाने में जुटा था। अचानक हुए इस हादसे ने उसके परिवार की उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है। जवान उम्र में अमन की मौत से परिजनों और परिचितों में शोक का माहौल है।

- रात 2:30 बजे हुआ दर्दनाक हादसा
- निजी कंपनी में नौकरी करता था मृतक अमन

## करवाचौथ पर सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत, मंदिरों में सुनी करवा माता की कथा

# छलनी से चांद व पति का दीदार कर मांगी लंबी उम्र, बाजारों में देर रात तक रही रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कहीं हाथों में सजी पूजा की थाली, कहीं सोलह शृंगार में सजी महिलाएं और कहीं चांद निकलने का बेसब्री से इंतजार। पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ वीरवार को रोहतक में करवा चौथ का त्योहार उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही महिलाओं ने व्रत रखा और समूहों में बैठकर करवा माता की कथा सुनी। रात को चंद्रमा के दर्शन करने के बाद छलनी से पति का चेहरा देखा और उनके हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोला। कई पतियों ने भी अपनी पत्नी की लंबी उम्र और सुखी जीवन की कामना के साथ व्रत रखा।



रोहतक। झंग कॉलोनी में करवाचौथ पर पूजा करतीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि



राजेंद्र नगर में करवाचौथ पर पूजा करने के बाद जल अर्पित करतीं महिलाएं।

### अहोई अष्टमी की खरीदारी

करवा चौथ के साथ ही बाजारों में अहोई अष्टमी की तैयारियां भी शुरू हो गईं। महिलाओं ने अहोई माता के व्रत के लिए मिट्टी के बर्तन खरीदे। परंपरा के अनुसार इन बर्तनों में पानी भरकर रखा जाता है। अहोई अष्टमी पर माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। त्योहारों के चलते बाजारों में खरीदारी का माहौल बना रहा।



जनता कॉलोनी में करवाचौथ पर पूजा करने के बाद जल अर्पित करतीं महिलाएं।

### सुखी दांपत्य जीवन की कामना

करवा चौथ के अवसर पर महिलाओं ने सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। पारंपरिक परिधान पहनकर और शृंगार कर महिलाओं ने पूजा की थालियां सजाईं। दिन में घरों और विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने एकत्रित होकर करवा माता की कथा सुनी। पंडित संदीप झा ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। यह व्रत सूर्योदय से पहले शुरू होकर रात में चंद्रमा के दर्शन के बाद पूरा किया जाता है। इस दिन पति के कल्याण के साथ उनके कामकाज और परिवार की खुशहाली की कामना भी की जाती है। त्योहार से जुड़ी विभिन्न कथाएं प्रचलित हैं।

### बाजारों में चहल-पहल

करवा चौथ के चलते शहर के बाजारों में सुबह से ही रौनक दिखाई दी। महिलाओं ने पूजा सामग्री और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी की। शाम को चंद्रमा के दर्शन के बाद व्रत खोलने का सिलसिला शुरू हुआ। इसके बाद ढाबों और होटलों में भोजन लेने के लिए लोगों की भीड़ नजर आई। पतियों ने भी अपनी पत्नियों को उपहार देकर त्योहार की खुशियां साझा कीं।

### न्यू चिन्योट कॉलोनी में मनाया पर्व

रोहतक। न्यू चिन्योट कॉलोनी में महिलाओं ने करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने विधि-विधान से करवा माता का पूजन किया और अपने सुहाग की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि तथा खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान करवा माता की कथा भी सुनाई गई। पूजन में हर्ष सहगल, मोनिका कपूर, किरण कपूर, रजनी कपूर, राधिका शर्मा और तान्या सहगल सहित अन्य महिलाओं ने भाग लिया। पर्व के दौरान महिलाओं में उत्साह देखने को मिला और धार्मिक माहौल बना रहा।

### बारिश ने रोका चांद का दीदार

पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा, लेकिन बारिश और बादलों के कारण चंद्रमा के दर्शन नहीं हो सके। आखिरकार उन्होंने जल अर्पित कर पति के हाथों जल पीकर व्रत खोला। करवा चौथ को लेकर महिलाओं ने सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। पारंपरिक परिधान पहनकर सोलह शृंगार किया और पूजा की थाली सजाई। दिन में महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनी। इसके बाद शाम होते ही सभी को चंद्रमा के निकलने का इंतजार था। आमतौर पर चांद के दर्शन के बाद अर्घ्य देकर व्रत खोलने वाली महिलाओं को इस बार मौसम ने निराश किया।

### रामा आश्रम में मनाया करवाचौथ

रोहतक। श्रीनगर कॉलोनी स्थित रामा आश्रम में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन कर पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने महंत अशोक दास जी महाराज से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। महाराज ने परिवार में प्रेम, सद्भाव और सुख-शांति बनाए रखने के साथ धार्मिक संस्कारों के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान आश्रम का वातावरण भक्तिमय बना रहा। करवा चौथ के पर्व ने दांपत्य प्रेम, विश्वास और पारिवारिक एकता का संदेश दिया।

## न्यूज डायरी



### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

महम। सरकार के निर्देशानुसार हर सोमवार एवं वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक उपमंडल मुख्यालय पर भी समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर प्राप्त हो रही शिकायतों के निपटारे की मौके पर प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। इसी कड़ी में एसडीएम विपिन कुमार द्वारा महम के उपमंडल स्तरीय लघु सचिवालय में लोगों की समस्याएं सुनी जाती हैं। वीरवार को भी उन्होंने समाधान शिविर लगाए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उपमंडलाधीश विपिन कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध उचित निपटारा करें। समाधान शिविर में प्राप्त 4 शिकायतों में से 1 शिकायत का मौके पर निपटारा किया गया।



### बसपा की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

महम। बहुजन समाज पार्टी हरियाणा के जोन नं. 1 और 3 की एक बैठक संत गुरु रविदास मंदिर महम में हुई। बैठक में पार्टी नेताओं ने संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और प्रभावी संगठनात्मक कार्यप्रणाली के विषय में विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट सुरेश राव सेक्टर नं. 1 के मुख्य केंद्रीय प्रभारी रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संगठनात्मक अनुशासन, आपसी समन्वय, नियमित बैठकों, जिम्मेदारियों के निर्वहन, जनसंपर्क और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर, महेंद्र सिंह धानिया, राम सिंह, हेमचंद्र, विनय भंते, प्रेमचंद राठी, पूनम निगाना, संजय मंच, नानकदेव, मुकेश व रामदिया समेत कई पार्टी नेताओं ने संबोधित किया।



# एमडीयू में महिंद्रा प्राइड वर्कशॉप में सिखाए रोजगारपरक कौशल

- रविंदर सिंह ने विद्यार्थियों को प्रभावी संवाद, कार्यस्थल के व्यवहार और पेशेवर तैयारी से संबंधित प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के फार्मास्यूटिकल साइंस और विजुअल आर्ट्स विभागों में 21 से 28 अक्टूबर तक आयोजित महिंद्रा प्राइड वर्कशॉप सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यशालाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों के संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रोजगारपरक दक्षताओं को बढ़ाना रहा। फार्मास्यूटिकल साइंस विभाग में प्रशिक्षक विनीत मेहता और विजुअल आर्ट्स विभाग में प्रशिक्षक रविंदर सिंह ने विद्यार्थियों को प्रभावी संवाद, कार्यस्थल के व्यवहार और पेशेवर तैयारी से संबंधित प्रशिक्षण दिया।

फार्मास्यूटिकल साइंस विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक और विजुअल आर्ट्स विभागाध्यक्ष डॉ. संजय ने विद्यार्थियों से संवाद कर कार्यशालाओं के अनुभवों एवं प्रशिक्षण से मिली सीख पर प्रतिक्रिया प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने व्यावसायिक कौशल निखारने और भविष्य की रोजगार चुनौतियों के लिए तैयार होने का अवसर मिला।

करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान ने कौशल विकास, प्रभावी संचार, व्यक्तित्व निर्माण और करियर की तैयारी को रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# महम में जेबीटी अध्यापकों का साप्ताहिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न, प्रमाण पत्र बांटे

- अधिकारियों ने शिविर के उद्देश्य महत्व और अध्यापकों के शैक्षणिक विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी साझा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महम में पिछले एक सप्ताह से चल रहे जेबीटी अध्यापकों के प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। समापन समारोह में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजेंद्र हुड्डा, उप जिला शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार, जिला कोऑर्डिनेटर खंड शिक्षा अधिकारी महम सतेंद्र नेहरा, नोडल अधिकारी राजेश नांदल डाइट मदीना से रमेश कुमार विशेष रूप से पहुंचे।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने प्रशिक्षण शिविर के उद्देश्य, महत्व और अध्यापकों के शैक्षणिक विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपनी-अपनी जानकारी साझा की। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को विद्यालयों में शिक्षण कार्य के दौरान उपयोग करने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बिजेन्द्र हुड्डा ने अध्यापकों से प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए विषयों को लेकर अध्यापकों से फीड बैक लिया। उन्होंने कहा कि स्कूल में जाकर पहले वाली पद्धति न रखकर जो कुछ नया सीखा है उसे अपने स्कूल में बच्चों को सिखाएं। उप जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार ने कहा कि इन प्रशिक्षण शिविरों को शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए लगा रही है । बी ई ओ सतेंद्र नेहरा व नोडल अधिकारी राजेश नांदल ने कहा कि विद्यालयों में कौन अध्यापक इस शिविर से क्या सीखकर गया है। इसकी जानकारी स्कूल में पहुंचकर ली जाएगी। इन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि शिक्षा के स्तर को और अच्छा बनाएंगे। जिला कॉर्डिनेटर रूपांशी ने मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभाने वाले ए बी आर सी व ब्लॉक कॉर्डिनेटर कनिका का सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।



महम। अध्यापक प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर प्रमाण पत्र देते जिला व खंड के शिक्षा अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### प्रशिक्षण का विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

अधिकारियों ने कहा कि समय-समय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर अध्यापकों के ज्ञान और शिक्षण कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे प्रशिक्षण से अध्यापकों को नई शैक्षणिक पद्धतियों की जानकारी मिलती है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलता है।समापन अवसर पर प्रशिक्षण शिविर से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। एक सप्ताह तक चले इस शिविर के समापन के साथ ही अध्यापकों को प्रशिक्षण के दौरान मिली जानकारी को अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने का संदेश दिया गया।



# इंटर कॉलेज फुटबॉल स्पर्धा में वैश्य महिला महाविद्यालय बना विजेता

- महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी की इंटर कॉलेज महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में वैश्य महिला महाविद्यालय रोहतक विजेता बना। पं नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबले में वैश्य महिला महाविद्यालय, रोहतक ने महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय, रोहतक को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल निदेशक कुलताज सिंह समापन समारोह में मुख्य अतिथि रहे। इस खेल प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत ने राजकीय महाविद्यालय, बादली को 2-0 से पराजित किया। फाइनल में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें वैश्य महिला महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल, रणनीति और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही।

मुख्य अतिथि खेल निदेशक कुलताज सिंह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने तथा विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल भी आयोजित किए गए, जिनमें प्रदर्शन, तकनीकी दक्षता और फिटनेस के आधार पर 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया। समापन समारोह में डॉ. धर्मेंद्र कादयान, रोबिन, राहुल गिल, सुरेश, रमेश सिंधु, डॉ. परवीन धायल और सतीश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## ईएसआई और पीएफ सहित सभी लाभ समय पर देने के निर्देश

# सफाई कर्मियों को 7 तारीख तक दिया जाए वेतन

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह बोले, सीवर की सफाई केवल आधुनिक मशीनों से करवाई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह पलाका ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सफाई कर्मचारियों तथा चौकीदारों को न्यूनतम वेतन हर माह 7 तारीख तक दिया जाए। ईएसआई और पीएफ सहित सभी लाभ समय पर मिलें और सीवर की सफाई केवल आधुनिक मशीनों से करवाई जाए, जिससे कि सफाई कर्मचारियों को जोखिम न उठाना पड़े। साथ ही उन्होंने कर्मियों की सुविधाओं का ख्याल रखने का आदेश दिया।




रोहतक। जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेते हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह पलाका।

### शिकायतों का 15 दिन में हो समाधान

लघु सचिवालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान आयोग अध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों की शिकायतों की सुनवाई के लिए खंड स्तर पर व्यवस्था की जाए। शिकायतों का 15 दिन में निपटारा सुनिश्चित हो। शहरी सफाई कर्मचारियों के भारतीय स्टेट बैंक में खाते खुलवाकर बीमा कराया जाए और आयुष्मान कार्ड जारी करवाए जाएं। ग्रामीण सफाई कर्मचारी की मृत्यु होने पर एक्स ग्रेशिया योजना के तहत उसके परिवार के सक्षम सदस्य को नौकरी देने की व्यवस्था की जाए।

### सुरक्षा उपकरण व जोखिम भत्ता देना अनिवार्य

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह पलाका ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को आधुनिक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जाएं। त्योहारों पर बोनस और नियमानुसार जोखिम भत्ते का भुगतान भी किया जाए। सीवर या गंदे नालों की सफाई के लिए किसी कर्मचारी को सीधे अंदर न उतारा जाए। हर छह माह में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करवाई जाए।

### महिला कर्मचारियों के लिए हों जरूरी सुविधाएं

पलाका ने ग्रामीण क्षेत्रों और सरकारी स्कूलों में सफाई कर्मचारियों के रिक्त पद भरने के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा। महिला कर्मचारियों के लिए चेंजिंग रूम, बैठने के लिए शेड, शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था हो। सफाई कर्मचारियों के बच्चों का डाटा तैयार कर उन्हें छात्रवृत्ति और व्यावसायिक प्रशिक्षण योजनाओं से जोड़ा जाए। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. भारत भूषण टाक, सदस्य मोहित वाल्मीकि व चंद्र प्रकाश बोस्ती, उपायुक्त सतबीर सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार और नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



महम। रामलीला की वीडियो देखने के बाद अंक प्रदान करते निर्णायक मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# ब्लॉक स्तरीय रामलीला स्पर्धा में इमलीगढ़ की टीम प्रथम स्थान पर

- प्रतियोगिता में 42 स्कूलों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम ब्लॉक में आयोजित ब्लॉक स्तरीय रामलीला प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रतियोगिता में ब्लॉक के लगभग 42 स्कूलों ने भाग लिया। इसमें कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने रामलीला का मंचन किया। सभी प्रतिभागी स्कूलों ने अपनी प्रस्तुतियों के वीडियो बनाकर आयोजक कमेटी के पास भेजे। जिनके आधार पर निर्णायक मंडल ने परिणाम घोषित किया। रिजल्ट निर्माता प्राध्यापक ऋतु ने प्रतियोगिता में महम के गांव इमलीगढ़ की टीम ने 100 में से 91 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। वहीं राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला मदीना ने 73 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि राजकीय प्राथमिक पाठशाला बेड़वा की टीम 63 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्राध्यापक रीटा, रमेश, नरेंद्र मित्तल, कृष्णा, प्रियंका, रमेश गुप्ता तथा ऋतु मदीना ने निभाई। ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली इमलीगढ़ की टीम को वीरवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## एमडीयू में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में सांस्कृतिक विविधता का संदेश

# कशिश सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक, डॉ. सोमबीर बने बेस्ट दल प्रभारी

### एकल गायन में हिमाचल प्रदेश की संजना कुमारी ने पहला स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीयू में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक विविधता का संदेश दिया। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने बताया कि आंध्र प्रदेश के जेएनटीयूए, अनंतपुरम के दल प्रभारी यंत्रपति मुरली तथा एमडीयू, रोहतक के डॉ. सोमबीर को सर्वश्रेष्ठ दल प्रभारी सम्मान से नवाजा गया। वहीं, सतलुज टीम की कशिश श्रीवास्तव को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चुना गया। कविता पाठ में हरियाणा की रोमिका प्रथम, छवि द्वितीय और आदित्य तृतीय रहे। एकल गायन में हिमाचल प्रदेश की संजना कुमारी ने पहला, तेलंगाना की एम.पी. हरिप्रिया ने दूसरा और आंध्र प्रदेश के चिप्पे लिकिथ कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर निर्माण में हरियाणा की छवि और मध्य प्रदेश की प्रियांशी पाटीदार संयुक्त रूप से प्रथम रहीं। रिया और सुमित सिंह ने दूसरा, जबकि हितेश कंबोज और मध्य प्रदेश की शीतल तंवर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शिविर के समापन पर कुलसचिव प्रो संदीप बंसल और एमडीयू के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ तिलक राज ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। शिविर ने स्वयंसेवकों को विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपराओं और विचारों को समझने तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान किया।



रोहतक। एमडीयू में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में मौजूद विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवक।

### रंगोली में कशिश और गुरिंदर संयुक्त विजेता

रंगोली निर्माण में हरियाणा की कशिश श्रीवास्तव और पंजाब के गुरिंदर सिंह संयुक्त रूप से प्रथम रहे। छवि और रिधिमा द्वितीय तथा नेहा और सोनी तृतीय स्थान पर रहीं। नारा लेखन में हरियाणा की देविका और जम्मू-कश्मीर की माही गुप्ता ने संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। ज्योति कुमारी और रितिका दूसरे तथा शगुन और प्रिया तीसरे स्थान पर रहीं।

### पॉट डिजाइनिंग में सात प्रतिभागी संयुक्त विजेता

पॉट डिजाइनिंग में सात प्रतिभागियों ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। इनमें आंध्र प्रदेश के बोया कोलकारी हेमंत, हरियाणा के मोहित कुमार, कशिश श्रीवास्तव, दीक्षा पंघाल और अंकित सैनी, हिमाचल प्रदेश के अंकित वर्मा तथा पंजाब के गुरिंदर सिंह शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में चार प्रतिभागियों ने संयुक्त रूप से दूसरा और दस प्रतिभागियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में तेलंगाना की एम.पी. हरिप्रिया प्रथम, अक्षरा राठौड़ द्वितीय और हरियाणा के सनी तृतीय रहे। समूह नृत्य में कृष्णा टीम ने पहला, सतलुज टीम ने दूसरा और यमुना टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण में हरियाणा के पीयूष कुमार प्रथम, अनुभव कश्यप द्वितीय और जम्मू-कश्मीर की माही गुप्ता तृतीय रहीं। रील एवं वीडियो निर्माण प्रतियोगिता में सरस्वती टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# नेशनल स्कूल बॉक्सिंग स्पर्धा में मुक्केबाज प्रतीक ने जीता रजत

■ किरार की राष्ट्रीय सफलता से छोटू राम स्टेडियम में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

छोटू राम स्टेडियम के होनहार युवा मुक्केबाज प्रतीक किरार ने दिल्ली में 23 से 28 अक्टूबर तक आयोजित 70वीं नेशनल स्कूल बॉक्सिंग चैंपियनशिप (अंडर-14) में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया है। प्रतीक ने यह उपलब्धि 32-34 किलोग्राम भार वर्ग में देश भर के शीर्ष मुक्केबाजों को कड़ी टक्कर देते हुए हासिल की। कोच नवीन ने प्रतीक की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि प्रतीक की यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासित प्रशिक्षण और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। प्रतियोगिता के दौरान प्रतीक ने रिंग में बेहतरीन तकनीक, फुर्ती और मानसिक मजबूती का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में भी उसने कड़ी चुनौती पेश करते हुए देश स्तर पर स्टेडियम का नाम रोशन किया।


रोहतक। कोच नवीन के साथ प्रतीक।

मुक्केबाज की इस राष्ट्रीय सफलता से छोटू राम स्टेडियम में खुशी का माहौल है। कोच नवीन तथा साथी खिलाड़ियों ने प्रतीक का जोरदार स्वागत किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कोच नवीन ने विश्वास जताया कि प्रतीक भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश और प्रदेश का नाम रोशन करेगा।

## ग्लैमर कार्निवल में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक के फैकल्टी ऑफ मेडिकल एंड एलाइड हेल्थ साइंसेज की ओर से आइक्यूएसी और विश्वविद्यालय के सहयोग से 'ग्लैमर कार्निवल' का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सभी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। फैकल्टी सदस्यों ने कहा कि सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का आयोजन एचओडी एवं कन्वीनर डॉ. चारु शर्मा, को-कन्वीनर डॉ. सपना पंवार तथा ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. वैशाली के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. सुमन, डॉ. प्रदीप, डॉ. प्रलेख, डॉ. प्रीति सांगवान, डॉ. ज्योति रानी आदि की भूमिका रही।



रोहतक। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपमंडलाधीश आशीष कुमार व नगराधीश शुभम ।

## समाधान शिविर में हर शिकायत का तय समय में निपटारा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला मुख्यालय और सांपला में बुधवार को आयोजित समाधान शिविरों में नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर लगाए जाते हैं, ताकि नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई कर निपटारे की प्रक्रिया शुरू की जा सके। जिला मुख्यालय पर उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगराधीश शुभम और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शिकायतों का उचित समाधान करने के निर्देश दिए। नागरिक अपनी समस्या साधारण कागज पर लिखकर शिविर में ला सकते हैं। इसके लिए किसी निर्धारित प्रारूप की जरूरत नहीं है। उपमंडलाधीश आशीष कुमार ने बताया कि लिखने-पढ़ने में असमर्थ नागरिकों की सहायता के लिए शिविर में कर्मचारी तैनात किया गया है। शिविर में भाजपा प्रतिनिधि सतीश चौधरी और डॉ. अंकुश बिड्डू भी मौजूद रहे।

## प्रो. राजेश धनखड़ को 35 वर्षों की शैक्षणिक सेवाओं के लिए मडूटा ने किया सम्मानित

■ विदाई समारोह में शिक्षा, अनुसंधान और विश्वविद्यालय प्रशासन में उनके योगदान को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में 35 वर्षों की समर्पित शिक्षण सेवा के बाद इस माह सेवानिवृत होने जा रहीं पर्यावरण विज्ञान विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. राजेश धनखड़ के सम्मान में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी टीचिंग एसोसिएशन (मडूटा) की ओर से भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया।

डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा, डीन सीडीसी प्रो. राजेश पूनिया और मडूटा प्रधान डॉ. प्रदीप गहलोत ने प्रो. धनखड़ की दीर्घकालीन सेवाओं को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परंपरा के लिए महत्वपूर्ण बताया। खेल निदेशक कुलताज सिंह ने भी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रो मिनाक्षी वशिष्ठ, प्रो कविता ढुल, प्रो बी नरसिम्हन, प्रो सुनील कुमार, डॉ रवि प्रभात, डॉ हरकेश सहरावत, डॉ सुखबीर हुड्डा, डॉ महक दांगी, डॉ मुकेश तंवर, डॉ ऋतू पसरीजा समेत एमडीयू शिक्षकों ने भी प्रो राजेश धनखड़ को बधाई और शुभकामनायें दी। प्रो. राजेश धनखड़ ने विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एमडीयू में बिताए 35 वर्ष उनके जीवन की महत्वपूर्ण यात्रा रहे हैं।



### सेवाकाल समर्पण, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता का उदाहरण

प्रो. रणदीप राणा ने कहा कि प्रो. धनखड़ ने शिक्षण और अनुसंधान के साथ-साथ विश्वविद्यालय की विभिन्न प्रशासनिक जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। वहीं, प्रो. राजेश पूनिया ने उनके व्यापक अनुभव, कार्यनिष्ठा और संस्थागत विकास में योगदान की सराहना करते हुए उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ. प्रदीप गहलोत ने कहा कि प्रो. धनखड़ का 35 वर्षों का सेवाकाल समर्पण, प्रतिबद्धता और शैक्षणिक उत्कृष्टता का उदाहरण है। उनका अनुभव और योगदान विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

## न्यूज डायरी



### विकल्प स्कूल के स्टाफ ने मनाया करवाचौथ

रोहतक। विकल्प पब्लिक स्कूल में करवाचौथ का पावन पर्व पारंपरिक उल्लास और आपसी आत्मीयता के साथ मनाया गया। अवकाश होने के बावजूद विद्यालय परिवार के सदस्यों ने एकत्रित होकर इस विशेष अवसर को यादगार बनाया। कार्यक्रम के दौरान महिला स्टाफ सदस्य पारंपरिक व आकर्षक परिधानों में सुसज्जित होकर शामिल हुईं। उत्सव में आयोजित विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं रोचक गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान सभी ने जीवनसाथियों की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। मंच-संचालन मनीषा ने अपनी प्रभावशाली एवं रोचक एंकरिंग से किया, जिससे पूरा वातावरण जीवंत हो उठा। इस आयोजन ने विद्यालय परिवार के सदस्यों के बीच आपसी सौहार्द और एकजुटता को और अधिक प्रगाढ़ किया।



### कैडेट्स को एआई के उपयोग की जानकारी दी

रोहतक। वैश्य कॉलेज की एनसीसी इकाई द्वारा 1 हरियाणा बटालियन एनसीसी के अंतर्गत कैडेट्स के लिए 'एआई अवेयरनेस विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य कैडेट्स को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की उपयोगिता, चुनौतियों और जिम्मेदार उपयोग से अवगत कराना था। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) डॉ. उन्मेष मिश्रा ने कहा कि डिजिटल युग में एआई शिक्षा, रोजगार, अनुसंधान और राष्ट्रीय सुरक्षा में तेजी से बदलाव ला रहा है। उन्होंने कैडेट्स को तकनीकी रूप से जागरूक और अनुशासित बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एआई से विद्यार्थी अपनी अध्ययन क्षमताओं को बढ़ा सकते हैं। प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने कहा कि आधुनिक तकनीकी ज्ञान विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। कार्यक्रम में शिक्षा, कृषि, रक्षा और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई के अनुप्रयोगों पर चर्चा की गई। यह संदेश दिया गया कि एआई का सही ज्ञान, सुरक्षित उपयोग और मानवीय विवेक ही एक जिम्मेदार डिजिटल समाज की पहचान है।



### विद्यार्थियों को पॉक्सो कानून की जानकारी दी

रोहतक। सुरक्षित बचपन अभियान के तहत कलानौर के पंचतीर्थ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम और बाल अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और अनुचित व्यवहार होने पर बिना डर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया। डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अपने शरीर की सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। कोई व्यक्ति अनुचित तरीके से छुए या असहज करने वाली गतिविधि में शामिल करने का प्रयास करे तो माता-पिता, शिक्षक अथवा विश्वसनीय वयस्क को तुरंत बताएं। जागरूकता और समय पर सहायता बच्चों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल सुरक्षा और अधिकारों का संदेश दिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में भी बच्चों ने सुरक्षित बचपन का महत्व दर्शाया। कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय तेवतिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।




## सीसीआई के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने आरओसी की राशि का भुगतान न होने पर किया प्रदर्शन

रोहतक। सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई), चरखी दादरी की सीमेंट इकाई के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को रिटायरमेंट ऑप्शनल कम्यूटेशन (आरओसी) की राशि का भुगतान न होने के विरोध में गुरुवार को ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय, सेक्टर-3 रोहतक के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित अधिकारियों पर भुगतान के मामलों में अनावश्यक देरी करने और पेंशनभोगियों को कार्यालयों के चक्कर कटवाने का आरोप लगाया। उन्होंने मांगें पूरी नहीं होने पर भूख हड़ताल करने की चेतावनी भी दी। ईपीएस-95 पेंशनर्स वेलफेयर ग्रुप के प्रतिनिधियों ने बताया कि सीसीआई, चरखी दादरी की सीमेंट इकाई बंद हो चुकी है। यहां से सेवानिवृत्त अनेक कर्मचारी ईपीएस-95 के तहत मात्र एक हजार रुपये मासिक पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में आरओसी की बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से पेंशनभोगियों और उनके परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, बाबली, राजकुमार और विनोद कुमार सहित कई लाभार्थियों की आरओसी राशि लंबित है। बाबली के मामले में 55,350 रुपये, राजकुमार के मामले में 55,350 रुपये तथा विनोद कुमार के मामले में 38,800 रुपये का भुगतान किया जाना है। इसके अलावा रामपत और ईश्वर सिंह डूडी के मामले भी आरओसी की राशि तथा पेंशन संबंधी गणना से जुड़े हुए हैं। समूह के प्रतिनिधियों ने बताया कि कुछ मामलों में पेंशनभोगियों की मृत्यु के बाद उनके नामितों को भुगतान प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के बावजूद भुगतान नहीं किया जा रहा, जिससे दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को परेशानी हो रही है।

## टैलेंट हंट में राखी प्रथम, मनदीप द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के काव्य क्लब द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टैलेंट हंट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और अपनी रचनात्मक क्षमताओं को एक मंच प्रदान करने का अवसर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीप दहिया ने की। प्रसिद्ध कवि डॉ. जोगिंदर मोर ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। छात्रों के अनुरोध पर डॉ. मोर ने अपनी लोकप्रिय कविता 'आज चाला पाटगा' भी साझा की कार्यक्रम का आयोजन काव्य क्लब के सलाहकार डॉ. राजेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डॉ. विकास बेनीवाल डॉ. बेनुल तोमर, डॉ. धीरज खुराना, डॉ. परवीन, डॉ. कर्मवीर श्योकंद ने प्रतिभागियों की प्रतिभा को परखा और प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में लगभग 10 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में राखी ने प्रथम स्थान, मनदीप ने द्वितीय स्थान तथा गरिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं की उपलब्धियों ने कार्यक्रम के उत्साह को और बढ़ाया, जबकि सभी प्रतिभागियों की भागीदारी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## बीएमयू में दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता पर विशेष व्याख्यान

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक के विधि संकाय की ओर से दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (आईबीसी) विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सुश्री संचिका मक्कर ने विद्यार्थियों को संहिता के विभिन्न कानूनी प्रावधानों और व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। मक्कर ने संहिता के उद्देश्यों, ऋण वसूली की प्रक्रिया, दिवालियापन समाधान व्यवस्था और कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विधि संकाय के डीन डॉ. मनीष दलाल और विभागाध्यक्ष डॉ. रितु ने आयोजन की सराहना करते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। कहा कि



इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को समकालीन कानूनी विषयों की समझ विकसित करने, उनकी विश्लेषणात्मक क्षमता बढ़ाने और भविष्य में कुशल विधि विशेषज्ञ बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

## पीएम की राष्ट्र सेवा पर सुपवा के विद्यार्थी पेश करेंगे नाटक 'शून्य से शिखर तक'

■ पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आज होगा आयोजन, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) के विद्यार्थी शुक्रवार, 30 अक्टूबर को पंचकूला में नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र सेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत करेंगे। प्रदेश सरकार के सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से सेवा संकल्प अभियान के तहत इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में 'शून्य से शिखर तक' नाटक का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे। दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस नाट्य प्रस्तुति को तैयार किया है। इसमें प्रधानमंत्री के जीवन के विभिन्न पड़ावों, संघर्षों, चुनौतियों और सार्वजनिक सेवा से जुड़े प्रसंगों को नाटकीय रूप में पिरोया गया है। संवाद, अभिनय, संगीत और मंच सज्जा के माध्यम से कहानी को प्रभावशाली बनाने का प्रयास किया गया है। विश्वविद्यालय की टीम प्रस्तुति के लिए पंचकूला रवाना हो गई है।



### राजकीय पीजी महिला कॉलेज में मनाया नो व्हीकल डे



रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में वीरवार को नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर के तत्वावधान में 'नो व्हीकल डे' मनाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वाहनों से होने वाले प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ बनाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा स्वयं पैदल चलकर महाविद्यालय पहुंचे और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके इस कदम ने महाविद्यालय के शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव अपनाकर वायु प्रदूषण को कम करने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। महाविद्यालय की काउंसिल सदस्य डॉ. किरण शर्मा ने भी इस पहल में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा महाविद्यालय समुदाय को पर्यावरण-अनुकूल परिवहन के साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया। नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर के सदस्य अभिषेक नांदल ने भी इस पहल में सहयोग दिया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में अपनी भूमिका निभाई।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

2 ब्रांच
Puneet Ornaments House
Jitender (Jitu) M. 9812535660
Wholesaler of:
All Kinds of Silver & Gold Hall Mark Jewellery
Baba Wali Gali, Railway Road, Rohtak-124001
Ph. 01262-269970
Puneet Jewellers
All Kinds of Gold, Diamond & Silver Hall Mark Jewellery
Himanshu M. 7404222221
Puneet M. 9992201897
Railway Road, Rohtak-124001

GURU JI SMART WATER SOLUTIONS
हर घर के लिए स्मार्ट समाधान!
SAVE WATER
– Makes Life Easy!
कॉर्पोरेशन का पानी आते ही मोटर ON
पानी जाते ही ही मोटर OFF
टंकी भरते ही मोटर अपने आप बंद
अब चिंता छोड़िए!
पानी भी बचे, बिजली भी बचे और मोटर भी रहे सुरक्षित!
116, Shopping Complex, Sector- 1, Rtk 8199090001

## खबर संक्षेप

### बीएड-एमएड में दाखिले की अंतिम तिथि कल तक बढ़ी

**रोहतक।** एमडीयू ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएड, एमएड, बीएड (स्पेशल एजुकेशन) और एमएड (स्पेशल एजुकेशन) पाठ्यक्रमों में फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी है। डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. राजेश पूनिया ने बताया कि विश्वविद्यालय ने संबद्ध शिक्षा महाविद्यालयों को भी दाखिला प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेज जमा कराने के लिए अतिरिक्त समय दिया है। अब कॉलेज फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से दाखिल विद्यार्थियों की सूची 12 नवंबर तक डीन, सीडीसी कार्यालय में जमा करा सकेंगे। पहले इसके लिए 3 नवंबर अंतिम तिथि थी।

### जनवादी महिला समिति ने रैली का किया समर्थन

**रोहतक।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, हरियाणा ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया ब्लॉक की रैली का समर्थन किया है। राज्य अध्यक्ष सविता और महासचिव उषा सरोहा ने प्रदेश की महिलाओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के बहाने पात्र मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, जिससे लोकतांत्रिक अधिकारों पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और सामाजिक भेदभाव के मुद्दे उठाते हुए लोकतंत्र, संविधान, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

### निरंकारी विवाह समारोह में 126 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**रोहतक ।** समालखा में 79वें निरंकारी संत समागम के समापन के बाद आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 126 नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी की उपस्थिति में आयोजित समारोह में नवदंपतियों को सुखमय वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने पति-पत्नी को प्रेम, विश्वास, समर्पण और आपसी तालमेल के साथ जीवन बिताने का संदेश दिया। समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों सहित ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा से आए जोड़ों ने भाग लिया।

# माल गोदाम रोड पर 'सिकुड़ी' सड़क

## वाहनों की लंबी कतारें, ग्राहक बेहाल, स्कूल बसों में फंसे रहते हैं बच्चे

### अवैध पार्किंग से सड़क सिकुड़ी ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और भारी वाहनों के प्रवेश का समय तय करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मंडी में सामान लेने निकले ग्राहक हों या स्कूल जाने वाले बच्चे, पुरानी अनाज मंडी की गोदाम रोड से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। यहां सड़क पर वाहनों की कतारें और बेतरतीब पार्किंग लोगों की राह रोक रही हैं। हालात ऐसे हैं कि दिन हो या रात, जाम से राहत मिलना मुश्किल हो जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल बसों में सफर करने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है। जाम में फंसने के कारण बसें समय पर आगे नहीं बढ़ पातीं और बच्चों को लंबे समय तक रास्ते में इंतजार करना पड़ता है। वहीं, ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होने से व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के लोगों ने अब इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।



रोहतक। गोदाम रोड पर लगी वाहनों की कतारें। फोटो : हरिभूमि

**जाम का जंजाल**

#### मंडी में आने वाले ट्रकों की पार्किंग से सड़क पर बढ़ रहा दबाव

स्थानीय लोगों और व्यापारियों के अनुसार, मंडी में आने वाले ट्रकों और अन्य वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग के कारण सड़क का काफी हिस्सा घिर जाता है। इससे आवागमन के लिए जगह कम बचती है और वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। लोगों का कहना है कि यातायात पुलिस की नियमित तैनाती नहीं होने से वाहन चालक मनमाने तरीके से वाहन खड़े कर देते हैं। इसका खामियाजा आम राहगीरों और दुकानदारों को भुगतना पड़ता है।

#### बेतरतीब पार्किंग करने वालों के खिलाफ उठाई कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गोदाम रोड पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की नियमित तैनाती की जाए। अवैध और बेतरतीब पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई हो तथा भारी वाहनों के मंडी में प्रवेश और निकासी का समय निर्धारित किया जाए। लोगों का मानना है कि इन कदमों से व्यस्त समय में यातायात का दबाव कम किया जा सकता है।

**परेशानियां**

- मंडी से सामान लेने वाले ग्राहकों के लिए रास्ते से निकलना बना बड़ी चुनौती
- सड़क पर वाहनों की कतारें और बेतरतीब पार्किंग रोक रही लोगों की राह
- पुलिस की नियमित तैनाती नहीं होने के कारण चालक मनमाने तरीके से खड़े करते है वाहन

#### ग्राहकों का पहुंचना मुश्किल, कारोबार पर पड़ रहा असर

गोदाम रोड पर लगने वाले जाम से दुकानों तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। व्यापारियों के अनुसार, ग्राहक रास्ते में फंसने या परेशानी से बचने के लिए मंडी आने से कतराते हैं। इससे कारोबार प्रभावित होता है। स्कूल बस संचालकों को भी इस मार्ग से गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से अमरूद विक्रेता का पैर कटा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कलानौर रोड पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार अमरूद विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसका दायां पैर घुटने के स्तर से कट गया। घायल की पहचान गांव मोखरा खास निवासी महाबीर के रूप में हुई है। उसे उपचार के लिए पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया। घायल की पत्नी संतोष की शिकायत पर बहुअकबरपुर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक टीनू पुत्र राजेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संतोष के अनुसार, राहगीरों ने फोन कर हादसे की सूचना दी। परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो महाबीर खून से लथपथ हालत में पड़ा था। इसके बाद उसे अपने साधन से पीजीआई रोहतक ले जाकर भर्ती कराया गया। पत्नी ने आरोप लगाया कि हादसे के कारण उसके पति का पैर स्थायी रूप से कट गया है। उसने चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बहुअकबरपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी

- कलानौर रोड पर हादसा, घायल पीजीआई रोहतक में भर्ती
- पत्नी ने चालक पर नशे में ट्रैक्टर चलाने का लगाया आरोप
- 24 अक्टूबर को दुकान से घर लौट रहा था पीड़ित

#### ट्रैक्टर के पीछे जुड़ी मशीन की चपेट में आया बाइक सवार

पुलिस को दी शिकायत में संतोष ने बताया कि उसका पति महाबीर कलानौर मोड़ के पास अमरूद की ढुकान लगाता है। 24 अक्टूबर को वह ढुकान से घर लौट रहा था। वह बाइक पर सवार था। आरोप है कि रास्ते में टीनू ट्रैक्टर लेकर कलानौर की तरफ जा रहा था। ट्रैक्टर के पीछे सुपर सीटर जुड़ा हुआ था। जालड़ वाला पुल से करीब दो किलोमीटर आगे गांव की तरफ पहुंचने पर ट्रैक्टर की बाइक से टक्कर हो गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, ट्रैक्टर के पीछे जुड़ी मशीन की चपेट में आने से महाबीर का पैर कटकर अलग हो गया। हादसे के बाद चालक मौके से चला गया।

### चाय की दुकान पर विवाद के बाद भारत को डंडे से पीटा था

**रोहतक।** मान अस्पताल के पास चाय की दुकान पर सामान ले जाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि सोनू नामक युवक ने भारत भूषण का रास्ता रोककर उसकी बाइक की चाबी निकाल ली और लात-घूंसों के अलावा लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। मारपीट में भारत भूषण के सिर सहित शरीर पर चोटें आईं। आर्य नगर थाना पुलिस ने शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आनंदपुरा निवासी भारत भूषण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 अक्टूबर की रात खाना खाने के बाद वह घर के बाहर घूमने निकला था। मान अस्पताल के पास नानक टी स्टॉल पर वह कुछ देर के लिए रुका हुआ था। उस समय दुकान का मालिक दीपक शौचालय गया हुआ था। शिकायतकर्ता के अनुसार, इसी दौरान सोनू नाम का युवक दुकान से कुछ सामान लेकर चला गया। दीपक के लौटने पर भारत भूषण ने उसे इस बारे में बताया। आरोप है कि कुछ देर बाद सोनू वापस आया तो भारत भूषण ने उसकी पहचान करवाई। इसी बात पर सोनू गुस्से में आ गया और गाली-गलौज करने लगा। भारत भूषण ने उसे ऐसा करने से रोका और बाइक लेकर घर जाने लगा तो आरोपी ने रास्ता रोककर चाबी निकाल ली। इसके बाद लात-घूंसों से मारपीट की और लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी भी देकर गया।

### ठेकेदार के घर से बाइक मोबाइल व 20 हजार लेकर मजदूर फरार



एआई जेनरेटेड

**रोहतक।** लेबर चौक से काम के लिए अपने घर ले जाए गए मजदूरों में से एक युवक पर ठेकेदार की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और 20 हजार रुपये चोरी करने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, वह मजदूर को अपने साथ गांव समरगोपालपुर भी लेकर गया था। बाद में घर लौटकर सो गया और जब दोपहर में उठा तो युवक समेत तीनों लोग गायब मिले। शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फिलहाल रोहतक की नेहरू कॉलोनी में किराये पर रहता है और ठेकेदारी का काम करता है। 25 अक्टूबर को वह हिसार रोड स्थित लेबर चौक से दो युवकों और उनमें से एक की पत्नी को अपने घर ले गया था। तीनों को उसने ऊपर वाले कमरे में ठहराया था। शिकायत के अनुसार, 26 अक्टूबर की सुबह वह उनमें से एक युवक को अपने साथ गांव समरगोपालपुर ले गया। युवक ने अपना नाम संजीव और घर हरदोई में होना बताया था। वहां से अनिल ने मकान मालिक विकास से 20 हजार रुपये बयाने के लिए लिए और वापस नेहरू कॉलोनी आ गया। इसके बाद वह छत पर चटाई बिछाकर लेट गया। उसने अपना मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल की चाबी और 20 हजार रुपये वाली शर्ट अपने पास रखी थी। अनिल के मुताबिक, दोपहर करीब 12 बजे उठने पर मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल की चाबी और रुपये गायब मिले।

# किराये पर दी छह लग्जरी गाड़ियां हड़पने का आरोप, तीन पर केस दर्ज

- दो महीने तक किराया नहीं दिया, जीपीएस भी करवा दिए बंद
- गाड़ियां मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गाड़ियां किराये पर देने के नाम पर छह वाहन हड़पने का मामला सामने आया है। गांव बसाना निवासी गाड़ियों के खरीद-बेच का काम करने वाले हरीश ने तीन लोगों पर धोखाधड़ी कर उसकी छह गाड़ियां अपने कब्जे में रखने और वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत में हरीश ने बताया कि वर्ष 2024 में बागपत जिले के बड़ौत निवासी प्रियाशु उसके पास आया था। उसने पहले उससे एक गाड़ी खरीदी। इसके बाद प्रियाशु अपने साथी शारूख निवासी ट्रॉनिका सिटी, गाजियाबाद और अंकित के साथ उसके पास आया। तीनों ने कुछ गाड़ियां किराये पर लेने की बात कही। किराया तय होने के बाद उसने छह गाड़ियां उनके हवाले कर दीं।





एआई जेनरेटेड

#### जीपीएस बंद कराने का भी आरोप

हरीश के अनुसार, गाड़ियां देने के दो महीने बाद भी उसे किराया नहीं मिला। जब उसने किराये की रकम मांगी और गाड़ियां वापस करने को कहा तो आरोपियों ने भुगतान करने और वाहन लौटाने से इनकार कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि गाड़ियों की लोकेशन पता करने के लिए उनमें लगाए गए जीपीएस सिस्टम भी बंद करा दिए गए। हरीश ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि वीनू सिरोही नामक व्यक्ति कथित तौर पर फर्जी आरसी और नंबर प्लेट तैयार कर गाड़ियां हड़पने में आरोपियों की मदद करता है। उसे जानकारी मिली कि आरोपी अन्य लोगों से भी किराये के नाम पर गाड़ियां लेकर वापस नहीं कर रहे हैं।

#### बड़ौत बुलाकर धमकी देने का आरोप

शिकायत के मुताबिक, 30 सितंबर को आरोपियों ने गाड़ियां लौटाने के लिए हरीश को बड़ौत बुलाया। वहां कथित तौर पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई और गाड़ियां वापस करने से इनकार कर दिया गया। हरीश ने मौके से ही 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।

### व्हाट्सएप पर फर्जी फाइल भेजकर 1.18 लाख रुपये की ठगी

**रोहतक।** साइबर ठगों ने व्हाट्सऐप पर फर्जी फाइल भेजकर सेक्टर-1 निवासी एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड और बैंक खाते से कुल 1,18,190 रुपये निकाल लिए। पीड़ित का आरोप है कि उसने फर्जी फाइल मोबाइल में इंस्टॉल की थी, जिसके बाद उसका फोन हैक हो गया और अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए रकम निकाल ली गई। सेक्टर-1 निवासी रमेश सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 अक्टूबर को उसके व्हाट्सऐप पर एक अनजान नंबर से फाइल आई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, फाइल इंस्टॉल करते ही उसका मोबाइल फोन हैक हो गया। इसके बाद उसके एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से एक लाख रुपये निकाल लिए गए। वहीं, इंडसइंड बैंक खाते से भी रकम निकाली गई। रमेश का आरोप है कि रकम निकलने के बाद उसका मोबाइल फोन रीसेट कर दिया गया। बाद में अपने स्तर पर जानकारी जुटाने पर उसे पता चला कि फर्जी लग्जरी स्पा के नाम से फाइल तैयार कर भेजी गई थी। उसने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रकम वापस दिलाने की मांग की है।

### सांपला में दो किरयाणा दुकानों के ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**सांपला।** कस्बे में रेलवे स्टेशन के बंद फाटक के पास चोरों ने दो किरयाणा दुकानों को निशाना बनाया। अज्ञात व्यक्ति दुकानों के शटर के ताले तोड़कर खाद्य सामग्री, बीड़ी-सिगरेट, घी और नकदी चोरी कर ले गए। दुकानदारों की शिकायत पर सांपला थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दुकान मालिक कपिल और दिनेश ने बताया कि उनकी रेलवे स्टेशन के बंद फाटक के पास परचून की दुकानें हैं। वे रोजाना की तरह शाम को दुकानें बंद करके घर चले गए थे। अगली सुबह जब वे दुकान पर पहुंचे तो शटर के ताले टूटे हुए मिले। अंदर जाकर सामान संभाला तो खाद्य सामग्री, बीड़ी-सिगरेट, घी और कुछ नकदी गायब मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### 35 हजार किराये के विवाद में मोहित पर गोली और फरसे से हमला, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

कृष्णा विहार कॉलोनी में मोहित पर गोली और फरसे से जानलेवा हमला में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान झज्जर जिले के गांव छपार निवासी राहुल पुत्र बलराज और रोहतक के शीतल नगर निवासी भूपेश पुत्र मंजीत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वारदात के पीछे गाड़ी के किराये के 35 हजार रुपये का विवाद सामने आया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 21 अक्टूबर को बहादुरगढ़ निवासी अजय ने शिकायत दी थी कि उसका बेटा मोहित चंडीगढ़ में गाड़ियां सेल्फ ड्राइविंग पर देने का काम करता है। घटना के समय मोहित अपने दोस्तों के साथ कृष्णा विहार कॉलोनी, सांपला निवासी सूरजप्रकाश के मकान पर बैठा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने उस पर गोली और फरसे से हमला कर दिया।



#### फोन पर दे रहा था धमकियां

पुलिस जांच के अनुसार, राहुल ने अपनी कार चंडीगढ़ में किराये पर चलाने के लिए मोहित के पास लगाई हुई थी। राहुल मोहित से 35 हजार रुपये किराये के मांग रहा था। आरोप है कि रुपये को लेकर राहुल फोन पर मोहित को धमकियां भी दे रहा था। इसी विवाद के चलते राहुल और उसके साथियों ने मोहित के हाथ-पैरों पर फरसे से वार किए और गोली से भी हमला किया। वारदात के बाद आरोपी हथियारों और गाड़ियों सहित मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 28 अक्टूबर को राहुल और भूपेश को गिरफ्तार किया गया।

# सही बीमारी की पहचान से ही सटीक इलाज संभव : डॉ. एचके अग्रवाल

- पीजीआईएमएस की डॉक्टर के शोध को नैपकॉन में मिला दूसरे द्वितीय शोध पेपर का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

छाती में भूरे रंग की मवाद, बुखार और दर्द जैसे लक्षणों को हमेशा टीबी समझना सही नहीं है। ये एक दुर्लभ बीमारी का संकेत भी हो सकते हैं, जिसकी समय पर पहचान होने पर मरीज को बड़े ऑपरेशन के बिना ठीक किया जा सकता है। पीजीआईएमएस रोहतक के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की एमडी रेजिडेंट डॉ. ग्रंथिका शर्मा के इस विषय पर किए गए शोध को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। जयपुर में आयोजित नैपकॉन सम्मेलन में उनके शोध पत्र को द्वितीय सर्वश्रेष्ठ पेपर चुना गया। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने डॉ. ग्रंथिका को बधाई देते हुए कहा कि सही बीमारी की पहचान ही सटीक इलाज का आधार है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को मरीज के लक्षणों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए।



#### भूरे रंग के मवाद की कराएं शीघ्र जांच

रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि भूरे रंग की मवाद, छाती में दर्द और बुखार होने पर मरीज को तुरंत जांच करानी चाहिए। समय पर पहचान होने पर एंटीबायोटिक दवाओं और करीब दस दिन तक नली के माध्यम से मवाद निकालकर इलाज किया जा सकता है। पीजीआईएमएस में यह उपचार निशुल्क उपलब्ध है। डॉ. ग्रंथिका ने 22 से 25 अक्टूबर तक जयपुर में आयोजित नैपकॉन सम्मेलन में अपना शोध प्रस्तुत किया था। इसमें 30 से अधिक देशों के विशेषज्ञ और करीब तीन हजार प्रतिनिधि शामिल हुए। डॉ. गुप्ता ने उनकी उपलब्धि को विभाग के लिए गर्व का विषय बताया। मौके पर डॉ. रोहित आर्य भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20


## प्रदेश सरकार ने विभागों से एसीआर लंबित कर्मचारियों की मांगी सूची

# अप्रैल 2027 से डिजिटल होगी सरकारी कर्मियों की एसीआर

मुख्य सचिव रस्तोगी ने प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों व जिला प्रशासनों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के कामकाज का मूल्यांकन डिजिटल प्रदर्शन निगरानी प्रणाली से किया जाएगा। राज्य सरकार ने अप्रैल 2027 से पारंपरिक मैनुअल वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) व्यवस्था बंद करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों-निगमों, विश्वविद्यालयों और जिला प्रशासनों को निर्देश जारी किए हैं। नई व्यवस्था के तहत विभागवार एसीआर प्रारूप तैयार किए जाएंगे। इनमें कर्मचारियों के कार्य, उपलब्धियों और प्रदर्शन को मापने योग्य तथा परिणाम आधारित तरीके से दर्ज किया जाएगा। डिजिटल प्रणाली विकसित करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) या नामित तकनीकी टीम को दी जाएगी। नया मंच मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) पोर्टल से जोड़ा जाएगा। इससे कर्मचारियों के काम और उपलब्धियों का रिकॉर्ड ऑनलाइन रखा जा सकेगा।



#### राज्य, जिला व खंड स्तर पर बनेगा ऑनर बोर्ड

मुख्य सचिव की वेबसाइट पर विशेष ऑनर बोर्ड विकसित करने की योजना है। इसमें निर्धारित मानकों के आधार पर कर्मचारियों की प्रदर्शन रैंकिंग दिखाई जाएगी। यह व्यवस्था राज्य, जिला और खंड स्तर पर लागू होगी। इसमें बेहतर व कमजोर प्रदर्शन वाले कर्मचारियों की रैंकिंग भी प्रदर्शित होगी। प्रणाली लागू होने से पहले विभागवार प्रारूप और ऑनलाइन मंच तैयार किया जाना है। इसके लिए विभागों को पदवार जिम्मेदारियों के मानक तय करने होंगे, ताकि मूल्यांकन समान आधार पर हो सके। सरकार ने विभागों से एसीआर लंबित कर्मचारियों की सूची मांगी है।



### 5 व 6 को रोडवेज का चक्का जाम करेंगे कर्मचारी, पे-ग्रेड व बोनस बढ़ाने की मांग

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों की लंबित मांगें लागू नहीं होने और निजीकरण के विरोध में 5 और 6 नवंबर को राज्यव्यापी हड़ताल होगी। हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश के 24 डिपो और 13 सब-डिपो के करीब 20 हजार कर्मचारी हड़ताल में शामिल होकर बसों का चक्का जाम करेंगे। इससे प्रदेश में बस यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सांझा मोर्चा के नेता अमित महराना ने बताया कि वर्ष 2018 से कर्मचारियों की कई मांगें लंबित हैं। इनमें चालक-परिचालकों का पे-ग्रेड बढ़ाना, दिवाली बोनस, 33 अर्जित अवकाश बहाल करना, 30 रुपये रात्रि भत्ता, बिना शर्त ओवरटाइम, चार घंटे की ड्यूटी पर एक रेस्ट और वाशिंग भत्ता शामिल हैं। कर्मचारी विभाग के निजीकरण की नीतियों का भी विरोध कर रहे हैं। हड़ताल के संबंध में 23 अक्टूबर को सभी डिपो महाप्रबंधकों के माध्यम से सरकार को नोटिस दिया गया था। डिपो में गेट मीटिंग करके कर्मचारियों को मांगों और हड़ताल के फैसले की जानकारी दी गई। सांझा मोर्चा ने सरकार से लंबित मांगों को स्वीकार कर संबंधित अधिसूचनाएं जारी करने की मांग की है। अमित महराना ने कहा कि सरकार ने समय रहते मांगें लागू नहीं कीं तो दो दिवसीय हड़ताल होगी। इससे यात्रियों, विद्यार्थियों को होने वाली परेशानी और परिवहन विभाग के राजस्व के नुकसान की जिम्मेदारी सरकार की होगी।